# डेयरी सेक्टर में 27 हजार करोड़ का होगा निवेश, 750 एमओयू पर हस्ताक्षर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : दुग्ध उत्पादन में देश में पहला स्थान रखने वाले उत्तर प्रदेश को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पूर्व ही डेयरी सेक्टर में लक्ष्य से 200 प्रतिशत अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। नीदरलैंड्स की एके फूड इंटरनेशनल सहित सैकड़ों कंपनियों ने यूपी में दुग्ध उत्पादन का प्लांट लगाने के लिए सहमति प्रदान की है। डेयरी सेक्टर में अब तक करीब नौ सौ निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनीं हैं, इनमें 750 कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है।

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT 10-12 FEBRUARY 2023

- डेयरी सेक्टर में मिले लक्ष्य से 200 प्रतिशत अधिक निवेश प्रस्ताव
- नीदरलैंड्स की कंपनी उत्तर प्रदेश में लगाएगी प्लांट

दुग्ध विकास विभाग के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि यूपी जीआइएस से पहले ही विभाग ने अब तक 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक के 750 एमओयू पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया पूरी कर ली है। जबकि विभाग को करीब 27 हजार करोड़ के 900 इंटेंट प्राप्त हुए हैं। विश्वास जताया कि यूपी जीआइएस से पहले इसे भी पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन की ओर से डेयरी सेक्टर में 12,500 करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, जिसे बढ़ाकर 18,750 करोड़ किया गया था। ऐसे में शुरुआती लक्ष्य से 200 प्रतिशत अधिक के निवेश प्रस्ताव अब तक प्राप्त कर लिए गए हैं। बता दें कि जीआइएस में नमस्ते इंडिया फूड लिमिटेड के सुशील कुमार बाजपेयी, पतंजलि फूड लिमिटेड के ऋषि आचार्या, सिंगापुर के ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव, जाइडस वेलनेस के हिमांशु पांडेय और वीआरएस फूड लिमिटेड के नरेंद्र नागर उपस्थित रहेंगे।

**प्रोसेसिंग प्लांट और कोल्ड चेन के लिए उद्यमियों ने दिखाई रुचि**

मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने के लिए डायनेमिक एनर्जी सोल्यूशन के संजीव कुमार सिंह ने पांच सौ करोड़, एएसजेएस गुजराल के अजकोट सिंह गुजराल में साढ़े चार सौ करोड़, महालक्ष्मी इलेक्ट्रिकल के अनुज तोमर ने तीन सौ करोड़ और महान मिल्क फूड्स लिमिटेड के संजीव गोयल ने ढाई सौ करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। वहीं कोल्ड चेन और दुग्धशाला के बाहर नवीन तकनीक स्थापित करने के लिए कृष्ण चिल्ड मिल्क सेंटर के श्रीकांत यादव ने सौ करोड़ और बाबा नीम करोरी चिलिंग प्लांट के विष्णु दयाल ने पचास करोड़ के निवेश प्रस्ताव पर साइन किया है। इसके अलावा कैटल फीड प्लांट स्थापित करने के लिए न्यू माया दुग्ध डेयरी एंड फ्लोर मिल के चंद्र भूषण यादव ने 165 करोड़ और महाकालेश्वर इंटरप्राइजेज के कार्तिकेय दीक्षित ने सौ करोड़ के निवेश पर अपनी हामी भरी है।

## निवेशकों को आमंत्रित करने दुबई पहुंचे मंत्री रविंद्र जायसवाल

यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में विदेशी मेहमानों को आमंत्रित करने की पहल सरकार की ओर से शुरू कर दी गई है। पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने रविवार को दुबई पहुंचकर प्रवासी भारतीयों से मुलाकात की और उनसे यूपी में निवेश की अपील की।

दुबई के इंडियन काउंसलेट में यूपी डायस्पोरा फोरम दुबई चैप्टर और इंडियन पीपुल्स फोरम की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मंत्री रविंद्र जायसवाल ने प्रवासी भारतीयों से कहा कि वे उत्तर प्रदेश को प्रगति के एक नए शिखर पर ले जाने में सहयोगी बन सकते हैं। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में मंत्री ने यूपी के प्रवासियों की इस बात पर प्रशंसा की कि उन्होंने आज भी उत्तर प्रदेश की संस्कृति को यहां जीवंत बनाए रखा है। इस अवसर पर कलाकारों ने बिरहा, कजरी, रामलीला आदि विभिन्न लोक कलाओं का मंचन किया।